राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम : व्यवसाय अध्ययन

पाठ 6 : भण्डारण सेवाएँ

कार्यपत्रक - 6

1. खाद्यान्न का उत्पादन पूरे वर्ष में नहीं किया जाता है लेकिन हमें हर दिन इनकी आवश्यकता होती है? आपको क्या लगता है कि किसान हमारे लिए इन वस्तुओं की आपूर्ति करने में कैसे सक्षम हैं?लिखिए।

2. मेरठ में एक चीनी मिल है जो पूरे साल चीनी का उत्पादन करती है लेकिन गन्ने का उत्पादन वर्ष के एक निश्चित समय के दौरान ही किया जाता है और उत्पादन के बाद चीनी की बिक्री या वितरण के लिए कुछ समय की आवश्यकता होती है। कच्चे माल के साथ-साथ तैयार उत्पादों के भंडारण की आवश्यकता कैसे प्रबंधित की जाएगी?

3. वेयरहाउसिंग व्यापार करने के लिए महत्वपूर्ण सहायक हैं । भण्डारण की आवश्यकता के बारे में विस्तार से लिखिए।

4. भण्डारण विभिन्न प्रकार की वस्तुओं के संग्रहण की जरूरतों को पूरा करता है। विभिन्न प्रकार के गोदामों का वर्णन करें जो उनकी आवश्यकता को पूरा करने के लिए अस्तित्व में आए हैं।

5. गोदामों में पर्याप्त स्टॉक रखना आवश्यक है। स्पष्ट करते हुए लिखिए।

6. माल को उचित स्थिति में रखने के लिए एक गोदाम पर्याप्त व्यवस्था करता है। एक आदर्श गोदाम की विशेषताएं लिखिए ।

7. भंडारण हवा, गर्मी, तूफान, नमी आदि से सामान की सुरक्षा करता है। गोदाम इन के अलावा कई अन्य कार्य करता है। उनके बारे में लिखिए ।

8. रमेश व्यावसायिक समुदाय को भण्डारण की सुविधा देना चाहते हैं। शुरू करने से पहले उसके किस फायदे का ख्याल रखना चाहिए? स्पष्ट कीजिये।

9. मान लीजिए कि आप सेब के संग्रहण के लिए भण्डारण की सुविधा दे रहे हैं। भण्डारण की सुविधाओं को प्रस्तावित करते समय आप क्या ध्यान रखेंगे? उल्लेख कीजिये।

10. आपके अनुसार भण्डारण के लिए एक आदर्श स्थान क्या हो सकता है?